सत्यमेव जयते	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	आश्विन 29, गुरूवार, शाके 1943-अक्टूबर 21, 2021 *Asvina 29, Thursday, Saka 1943- October 21, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

गृह (ग्रुप-9) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, अक्टूबर 20, 2021

संख्या प. 20 (2) गृह-9/2021पार्ट 1 :-यतः राज्य सरकार के यह ध्यान में आया है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम के कर्मचारी संगठनों द्वारा दिनांक 27 अक्टूबर 2021 से प्रदेशव्यापी हडताल का आव्हान किया गया है यह कि राज्य सरकार का यह विचार है कि राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समस्त सेवाओं, कार्यालयों एवं उनके क्रियाकलापों से संबंधित सेवाओं में हडताल होने से सेवाओं के प्रदाय एवं अनुरक्षण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा और उसके परिणामस्वरूप समुदाय को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ेगा।

अतः राज्य सरकार राजस्थान अत्यावश्यक सेवाऐं अनुरक्षण अधिनियम, 1970 (1970 का अधिनियम संख्या 22) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खण्ड (क) के उप खण्ड (i) एवं (iV) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की समस्त सेवाओं, कार्यालयों एवं उनके क्रियाकलापों से संबंधित सेवाओं एतद्द्वारा दिनांक 20.10.2021 से आगामी तीन माह तक अत्यावश्यक सेवा घोषित करती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

मुकेश पारीक,
शासन उप सचिव, गृह।

9762

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।